CCL
Fuelling Sustainable Growth

अंक : 610 वर्ष 45 राँची, नवम्बर, 2024

# अपनी बात

## सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका












# सीसीएल कई कॉर्पोरेट अवार्ड्स से सम्मानित




माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी से सीएसआर एक्सपेंडिचर में कॉर्पोरेट अवार्ड ग्रहण करते सीएमडी सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह

कोल इंडिया लिमिटेड/सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर कोल इंडिया में आयोजित समारोह में सीसीएल को हाईएस्ट डिपार्टमेंटल कैपेसिटी यूटीलाइजेशन, एम्पलॉई वेलफेयर, सीएसआर एवं क्लीनलीनेस ऑफ कॉलोनी मेंटेनेंस एवं सीएसआर एक्सपेंडिचर में द्वितीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा व्यक्तिगत केटेगरी में विजिलेंस एक्सीलेंस अवार्ड श्री बिमल कुमार को, इंडिविजुअल एक्सीलेंस अवार्ड श्री एस. के. सिंह को, बेस्ट एचओडी का अवार्ड श्री अजय सिंह को एवं बेस्ट एरिया जीएम श्री अजय सिंह को दिया गया।



सीआईएल चेयरमैन श्री पीएम प्रसाद से अवार्ड ग्रहण करते सीसीएल के अधिकारी

इस अवसर पर माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी; सचिव, कोयला मंत्रालय, श्री विक्रम देव दत्त; अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, श्रीमती रूपिंदर बरार; अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, श्रीमती विस्मिता तेज; कोल इंडिया के अध्यक्ष, श्री पी.एम. प्रसाद; निदेशक (पी एंड आईआर), श्री विनय रंजन; निदेशक (व्यवसाय विकास), श्री देबाशीष नंदा; निदेशक (विपणन), श्री मुकेश चौधरी; निदेशक (वित्त), श्री मुकेश अग्रवाल; मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी तथा सीसीएल के सीएमडी श्री एनके सिंह एवं विभिन्न कंपनियों के सीएमडी सहित कोल इंडिया तथा सीसीएल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

> “ अपनी ताकत पर भरोसा करो,
> उधार की ताकत तुम्हारे लिए घातक है। ”
> – नेताजी सुभाष चंद्र बोस

# कबाड़ से कंचन : मंजर है ये नया ...

## सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) ने साधारण को असाधारण में बदला...




भारत सरकार के स्पेशल कैम्पेन 4.0 योजना के तहत बेकार पड़े पुराना एम्बेसडर कार (कबाड़) को जीवित रंगों से सजाकर कंचन बना दिया गया

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड यानी झारखंड की लाइफलाइन, ने रचनात्मकता की मिसाल कायम करते हुए एक पुरानी एवं बहुत दिनों से उपयोग में नहीं होने वाले, बेकार पड़े एंबेसडर कार को कला के माध्यम से एक शानदार नमूने में सफलतापूर्वक बदला है। भारत सरक. ार के स्पेशल कैम्पेन 4.0 की योजना के तहत की गई इस पहल ने वाहन में नई जान फूंक दी है, जिससे कंपनी के मुख्यालय परिसर की सुंदरता बढ़ गई है एवं यह कलाकृति एक आकर्षण का केंद्र बन गया है।

ज्ञात हो कि इस जीवंत कलाकृति का उद्घाटन सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह द्वारा किया गया है, जिसकी चारों तरफ सराहना हुई है। माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार, श्री जी किशन रेड्डी ने सीसीएल के इस पहल की तारीफ करते हुए इसका स्वागत किया है ।

"कबाड़ से कंचन" योजना के अंतर्गत इस बेकार पड़े एम्बेसडर कार स्क्रैप को संबंधित अधिकारियों की सृजनात्मकता एवं रचनात्मकता में रंगों का समावेश कर एक जीवंत कलाकृति का निर्माण किया है जिससे कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक कार्य वातावरण बना है।

जीवंत रंगो से निर्मित यह पेंटिंग, जिसने एक कबाड़ में जान लाकर उसे कंचन बना दिया हैं। रात्रि के समय रंग–बिरंगी लाईटों के जलने से इसकी सुंदरता मे और वृद्धि हो जाती हैं। एंबेसडर कार के बॉडी पर सीसीएल के कोयला खदानों में कार्यरत हमारे गौरवशाली श्रमिकों के कार्यों, खनन गतिविधियाँ एवं उनके खुशहाल परिवार को दर्शाया गया है।

अपशिष्ट प्रबंधन और कलात्मक अभिव्यक्ति के साथ की गई इस पहल ने सीसीएल की ब्रांड छवि को सकारात्मक रूप से बढ़ाया है, जो रचनात्मकता और सामुदायिक जुड़ाव के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं पब्लिक रिलेशन्स डिपार्टमेंट ने इस पहल की संकल्पना और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीसी एंड पीआर विभाग के विभागाध्यक्ष श्री आलोक गुप्ता ने बताया कि कबाड़ से कंचन एवं इस तरह की अन्य सृजनात्मक योजना के तहत भविष्य में अन्य प्रोजेक्ट्स पर भी काम करने की योजना है, जो सीसीएल परिसर को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

"कबाड़ से कंचन" परियोजना इस बात का एक शानदार उदाहरण है कि कैसे छोटी छोटी चीजों को जब जुनून और रचनात्मकता के साथ क्रियान्वित किया जाता है, तो वे हमारे परिवेश में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं और ऐसा प्रयास समाज को एक सशक्त संदेश देने के साथ साथ एक स्थायी पॉजिटिव छाप छोड़ते हैं।

# सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 का सफल समापन

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), अपने मुख्यालय परिसर के सभागार में आयोजित भव्य समापन समारोह के साथ अपने सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 का सफलतापूर्वक समापन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीआईएल श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (तकनीकी/संचालन), श्री हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/पी एंड पी), श्री एस.के. झा, सीवीओ, श्री पंकज कुमार एवं डीआईजी सीआईएसएफ श्री सुमन्तो सिंह और अन्य शीर्ष प्रबंधन अधिकारियों के साथ–साथ कर्मचारियों की एक बड़ी संख्या की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के समापन समारोह को संबोधित करते सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह

यह अभियान संगठन के भीतर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। कर्मचारियों को नैतिक प्रथाओं के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए सेमिनार, कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीसीएल कमांड के तहत सभी क्षेत्रों को पुरस्कारों का वितरण था, जिसमें सतर्कता जागरूकता पहल में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी गई। सर्वश्रेष्ठ नोडल अधिकारी के तौर पर श्री चंदन कुमार, उप प्रबंधक (सीडी), कथारा क्षेत्र एवं सर्वोत्तम क्षेत्र का प्रथम पुरस्कार मगध और संघमित्रा, दूसरा पुरस्कार बरका–सयाल क्षेत्र एवं तीसरा पुरस्कार गिरिडीह क्षेत्र को प्रदान किया गया। साथ ही संबद्ध विभागों के लिए पुरस्कार की श्रेणी में सीसी एंड पीआर, प्रशासन, मानव संसाधन विकास, ई एंड टी एवं राजभाषा शामिल हैं। इसी प्रकार अन्य श्रेणीयों में भी विभिन्न विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए।

इस अवसर पर बोलते हुए, सीवीओ सीआईएल श्री त्रिपाठी ने भ्रष्टाचार मुक्त कार्य वातावरण बनाए रखने में सतर्कता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और उनसे ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। सीएमडी सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने पारदर्शिता और नैतिक आचरण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला और जोर दिया कि सीसीएल अपने सतर्कता तंत्र को मजबूत करने और सभी स्तरों पर नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से, कंपनी का लक्ष्य एक मजबूत सतर्कता पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो इसके हितों की रक्षा करता है और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देता है।

इस मौके पर सभी गणमान्य द्वारा सतर्कता विभाग की स्मारिका का भी विमोचन किया ।

गौरतलब हो कि 16 अगस्त 2024 से 15 नवंबर 2024 तक तीन महीने चलने वाले सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 का उद्देश्य सभी को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और सतर्कता के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना था।


समापन समारोह में उपस्थित सीसीएल के निदेशकगण, सीवीओ एवं अन्य गणमान्य



पुरस्कार ग्रहण करते सीसी एंड पीआर के अधिकारीगण



पुरस्कार ग्रहण करते क्षेत्र के अधिकारीगण

# सीसीएल में उत्साहपूर्वक मनाया गया संविधान दिवस



संविधान दिवस के अवसर पर संबोधित करते सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह साथ में मंचासीन सीसीएल के निदेशकगण एवं अन्य

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में संविधान दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष का विषय था "हमारा संविधान, हमारा सम्मान"। इस अवसर का उद्देश्य भारतीय संविधान के महत्व को रेखांकित करना और इसके सिद्धांतों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाना था।

इस कार्यक्रम में सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सतीश झा, यूनियन प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।

कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की विविधता, एकता और लोकतंत्र का प्रतीक है। यह प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। हमें अपने कर्तव्यों को समझना और संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, ताकि हम एक सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सभा को संबोधित करते हुए संविधान के महत्व और उसके सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह का समापन भारत के संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ के साथ हुआ, जिसमें कर्मचारियों ने संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

संविधान दिवस समारोह के अंतर्गत, 22 और 23 नवंबर को सीसीएल ने सामान्य कानूनों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को आवश्यक कानूनी ज्ञान प्रदान करना था। विभिन्न प्रख्यात अधिवक्ताओं और सीसीएल के अधिकारियों ने सत्रों का संचालन किया, जिसमें उन्होंने ऐसे महत्वपूर्ण कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला जिनका ज्ञान हर कर्मी को होना चाहिए।


संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. अम्बेदकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह


संविधान दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण करते सीसीएल के कर्मचारी एवं अधिकारीगण

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पर कार्यशाला आयोजित

सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा 26 नवम्बर को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पर एक दिवसीय "कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम" आयोजित किया गया जिसमें मुख्यालय एवं क्षेत्रों से आए सामग्री प्रबंधन विभाग के करीब तीस वरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

सभी प्रतिभागियों का श्री रमाकांत पांडे, महाप्रबंधक, मानव संसाधन विकास ने स्वागत किया और कार्यक्रम के प्रारूप एवं उद्देश्य से प्रतिभागियों को अवगत कराया। महाप्रबंधक, सामग्री प्रबंधन, श्री एस एन महतो ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के देश के प्रगति में महत्व पर प्रकाश डाला।



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागीगण

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री इंद्रजीत यादव, निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, राँची थे जिन्होंने विषय के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए इनके उपयोगिता एवं उत्थान के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में श्री राजकिशोर, महाप्रबंधक, सामग्री प्रबंधन और श्री अवध किशोर सिंह, महाप्रबंधक, सतर्कता विभाग की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कविता कुमारी, प्रबंधक (कार्मिक) द्वारा किया गया।

# अर्पिता महिला मंडल द्वारा भगवान बिरसा जैविक उद्यान में सामाजिक कार्य संपन्न

सीसीएल मुख्यालय के ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन, अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह के कुशल नेतृत्व में 27 नवम्बर को भगवान बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी में एक दिवसीय सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अर्पिता महिला मंडल ने उद्यान में जानवरों के लिए एक दिन के भोजन की व्यवस्था भी की। यह पहल जानवरों की बेहतर देखभाल और उनके प्रति जिम्मेदारी के भाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर 85 कर्मचारियों को उपहार स्वरूप कैप, तौलिए और भोजन के पैकेट वितरित किए गए। इसके अलावा, उद्यान में साफ–सफाई और जानवरों की देखभाल की प्रशंसा करते हुए, सभी ने उद्यान प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। बिरसा जैविक उद्यान के कर्मचारियों ने अर्पिता महिला मंडल के इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की।




भगवान बिरसा जैविक उद्यान के कर्मियों को उपहार वितरण करते अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह

कार्यक्रम में अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह एवं उपाध्यक्षा श्रीमती रेखा सिन्हा, श्रीमती प्रीति झा, श्रीमती सीमा प्रसाद, सहित अन्य समिति सदस्य शामिल थीं।

महिला मंडल के सदस्यों ने इस सामाजिक कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सहयोग प्रदान करने के लिए भगवान बिरसा जैविक उद्यान के प्रशासन का आभार प्रकट किया। यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक और आनंददायक रहा।




भगवान बिरसा जैविक उद्यान के कर्मियों के साथ अर्पिता महिला मंडल के सदस्यवृंद

# सीसीएल एवं बोकारो जिला प्रशासन के बीच समझौता ज्ञापन

दिनांक 27 नवम्बर को महाप्रबंधक, ढोरी क्षेत्र, सीसीएल, श्री रंजय सिन्हा एवं उपायुक्त बोकारो के प्रतिनिधि श्री शक्ति कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी सी.एस.आर., बोकारो के बीच क्षतिपूर्ति निवारण योजना (डैमेज रेमेडीशन प्लान) एवं प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना (नेचुरल एंड कम्युनिटी रिसोर्स ऑग्मेंटेशन प्लान) के अंतर्गत कुल 111.00 करोड़ रुपया का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया।

इस राशि का उपयोग झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न सामुदायिक कल्याणकारी योजनाओं में किया जाएगा जिससे जिले के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।



समझौता ज्ञापन का एक दृश्य

अवसर विशेष पर सीसीएल की ओर से परियोजना पदाधिकारी, एस.डी.ओ.सी.एम., श्री शैलेश प्रसाद एवं नोडल पदाधिकारी (वन एवं पर्यावरण), एस.डी.ओ.सी.एम., श्री अच्युतानंद कुमार भी उपस्थित थे। उपर्युक्त समझौता ज्ञापन सीसीएल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

# जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

राँची के सुकुरहुट्टू बस्ती में 29 नवम्बर को जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा एक निःशुल्क एनीमिया (खून की कमी) सहित अन्य बिमारियों को लेकर जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 136 मरीजों की जाँच की गयी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सीय सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि का निःशुल्क जाँच किया गया।

ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ–साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय–समय पर करते रहती है।



राँची के सुकुरहूटू बस्ती में जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का एक दृश्य

# "जनरल लॉ एवरीवन सूड नो" विषय पर कार्यक्रम आयोजित

मानव संसाधन विकास विभाग के प्रकाश कक्ष में मानव संसाधन विकास एवं विधि विभाग के द्वारा संयुक्त प्रयास से "जनरल लॉ एवरीवन सूड नो" विषय पर दो दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सीसीएल के मुख्यालय एवं क्षेत्र से आए पैंतीस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुरुआत में श्री रमाकांत पांडे, महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम के महत्ता पर प्रकाश डाला। श्री जो बी वी पी, महाप्रबंधक विधि ने कार्यक्रम के मॉड्यूल से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में कांस्टीट्यूशनल लॉ, कॉरपोरेट लॉ, लैंड लॉ, इन्वायरन्मेंटल लॉ, लेबर लॉ, क्रिमिनल लॉ, सिविल लॉ पर सिविल कोर्ट एवं उच्च न्यायालय के विधि विशेषज्ञों एवं कंपनी के कुशल प्रशिक्षक द्वारा कुल सात सत्र संचालित किए गए जिसमें सामान्य विधिक ज्ञान प्रतिभागियों के जागरूकता के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में



कार्यक्रम का एक दृश्य

महाप्रबंधक स्तर के दो अधिकारी श्री नवीन कुमार झा, सीसीएमसी और श्री मित्रजित चौधरी, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग ने भी उपस्थित हो कर विधि के विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाया। भाग लेने वाले प्रतिभागी इस कार्यक्रम से काफी जानकारियाँ हासिल की।

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई




सम्मान समारोह के दौरान सेवा निवृत्त होने वाले कर्मियों के साथ सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान एवं निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री सतीश झा

30 नवम्बर को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, राँची के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 6 कर्मी – श्री श्याम नारायण महतो, महाप्रबंधक (एमएम), एमएम विभाग; श्री रमाकांत पांडेय, महाप्रबंधक (एचआरडी), मानव संसाधन विभाग; श्री प्रफुल्ल नारायण राय, मुख्य प्रबंधक (ई एंड एम), जेएसएसपीएस; श्री राकेश कुमार दराद, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), उत्खनन विभाग; श्री महादेव राम, सब. इंजीनियर (ई एंड एम); श्री गणेश कुमार तिवारी, वरीय भंडारपाल, टीए विभाग; श्रीमती पुष्पा लकरा, ओएस ए–1, पी एंड आईआर विभाग; श्री राजदेव सिंह, मुख्य फार्मासिस्ट ए–1, गांधीनगर अस्पताल; श्री चंदेश्वर सिंह, ओएस ए–1 एवं श्री जगेश्वर बेदिया, सहायक रिगमैन, लपंगा ड्रिलिंग कैंप को सीसीएल परिवार की ओर से "सम्मान समारोह" का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि नवंबर माह, 2024 में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 96 कर्मी सेवानिवृत्त हुए।

अवसर विशेष पर सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री सतीश कुमार झा सहित अन्य विभागों के महाप्रबन्धक/विभागाध्यक्षगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे।

'सम्मान समारोह' के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित किया गया। इस फिल्म में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नयी ऊँचाइयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों से कहा कि आप सभी लोग अपनी मेहनत, समर्पण और निष्ठा से न सिर्फ कंपनी को ऊँचाइयों तक पहुँचाया है, बल्कि कंपनी की पूरी तरह से कायाकल्प किया है। श्री सिंह ने कहा कि जीवन की दूसरी पारी में व्यायाम, तीर्थाटन, देश भ्रमण, सामाजिक कार्य के साथ–साथ अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करें। निदेशकगणों ने भी सेवा निवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान को याद करते हुए उनके इस यात्रा के सुखद समापन पे शुभकामनाएँ प्रेषित की और दूसरी पारी की बधाई दी।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** · 27 Nov

A major milestone towards sustainable development!
CCL signs an MoU worth Rs 111 crores with Bokaro district for Damage Remediation Plan & Natural & Community Resource Augmentation Plan in Dhori OC Project, Dhori.This will immensely benefit the local community and environment.



**Central Coalfields Limited** · 16 Nov

Vigilance Awareness Campaign 2024 concludes with a grand ceremony at CCL HQ, Ranchi

CMD CCL Shri N.K.Singh, along with CVO CIL Shri Brajesh Tripathy, FD's,CVO CCL and DIG CISF graced the occasion. GM's /HoD's and number of employees attended the event .



**Central Coalfields Limited** · 04 Nov

PROUD TO ANNOUNCE: COAL INDIA LIMITED IS NOW A CERTIFIED GREAT PLACE TO WORK

We are ecstatic to announce that Coal India Limited has officially been certified as a Great Place to Work! This recognition marks a significant milestone in our journey, highlighting the strength of Show more




**Central Coalfields Limited** · 04 Nov

Shining bright! CCL wins multiple awards at Coal India's Golden Jubilee celebrations.

This is a testament to the hard work, dedication, and commitment to excellence of our team.

1 Corporate Award on CSR Expenditure- 2nd Prize

2 Corporate Award on Highest Departmental
Show more




(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, सीसी एंड पीआर विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, सहायक प्रबंधक, बिट्टू कुमार, सहायक प्रबंधक, सीसी एंड पीआर विभाग
CentralCoalfieldsLtd CCLRanchi centralcoalfieldsltd Central Coalfields Limited